Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:13 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:13 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 16 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 30 जून 2026

अंदाजा नहीं था कि यह रोल...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### विजिलेंस टीम ने 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

रुद्रपुर। उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जसपुर ब्लॉक के कनिष्ठ अभियंता (जेई) विवेक कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम जेई को अपने साथ हल्द्वानी ले गई। विजिलेंस विभाग के मुताबिक एक पंजीकृत ठेकेदार ने टोल फ्री हेल्पलाइन 1064 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जसपुर ब्लॉक में वाटर कूलर लगाने का कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान जारी करने के लिए कनिष्ठ अभियंता विवेक कुमार ने 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। वहीं, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी दीपक सागर ने भी इसी कार्य के भुगतान के एवज में 12 हजार रुपये रिश्वत मांगे थे। शिकायत प्राप्त होने के बाद विजिलेंस टीम ने मामले का गोपनीय सत्यापन कराई। जांच में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक विजिलेंस हल्द्वानी के निर्देशन में निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष ट्रैप टीम का गठन किया गया। टीम ने पूरी योजना के तहत कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम लेकर भेजा। जैसे ही जेई विवेक कुमार ने 20 हजार रुपये की रिश्वत ली, सतर्कता टीम ने उन्हें मौके पर ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### रुद्रपुर में नगर निगम के पर्यावरण मित्रों ने जुलूस निकाला

रुद्रपुर। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बेनर तले पर्यावरण मित्रों ने हाथों में झाड़ू लेकर सफाई कर्मियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाली और ठेका प्रथा को समाप्त करने समेत अन्य मांगों को लेकर नगर निगम गेट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद पर्यावरण मित्रों ने जुलूस निकाला। जुलूस निगम गेट से प्रारंभ होकर मैन बाजार, भगतसिंह चौक, गल्ला मंडी, काशीपुर रोड, त्रिशूल चौक होते हुए नगर निगम में पहुंचा। इस दौरान देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष सोनू मुल्तानी ने कहा कि प्रदेश आह्वान पर ठेका प्रथा समाप्त, पुरानी पेंशन योजना बहाल, नियमितीकरण, सेवा सुरक्षा सहितआठ सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन चल रहा है। मांगों का समाधान नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# यूपी में मानसून की एंट्री, तराई में बरसे मेघ, 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

लखनऊ

एजेंसी

उत्तर प्रदेश में मानसून की दस्तक अब बेहद करीब है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मंगलवार से बुधवार के बीच कभी भी मानसून सक्रिय हो सकता है। इसके साथ ही कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर समेत 26 जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी सहित 29 जिलों में वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। इसके



अलावा 25 अन्य जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। रविवार से सोमवार के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश और तराई के कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। बहराइच में सर्वाधिक 104 मिमी और श्रावस्ती में 80 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।

### पांच साल बाद मानसून में सप्ताह भर की देरी

**हल्द्वानी।** मौसम के बदले पैटर्न और जलवायु परिवर्तन के चलते इस साल भी गर्मी का असर बीते साल की तरह कम रहा। कुछ एक दिनों को छोड़ दें तो मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास ही दर्ज किया गया। जिसके चलते भले गर्मी ने कम परेशान किया हो लेकिन इस बार गर्मी ज्यादा दिन तक रहेगी। इसकी मुख्य वजह मानसून में देरी है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि उत्तराखंड में करीब पांच साल बाद मानसून सप्ताह भर की देरी से आएगा। जिससे गर्मी व उमस का असर और लंबे समय तक बना रहेगा। मानसून की धीमी रफ्तार के चलते प्रदेश में तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। हालांकि इस बीच हो रही हल्की बारिश राहत दिला रही है लेकिन बारिश के रुकते ही उमस परेशान कर रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो दिन में प्रदेश के कुछ हिस्सों में मानसून सक्रिय हो सकता है, लेकिन तब तक लोगों को गर्मी और उमस से जूझना पड़ेगा। ....बारिश पेज 2 व 4 पर

व्हाइट हाउस ने किया एलान

# स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ईरान से वार्ता के लिए जाएंगे दोहा

नई दिल्ली

एजेंसी

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर हालिया तनाव के बाद अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक संवाद की नई कोशिशें तेज होती दिख रही हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल दोहा में संभावित समझौते और तकनीकी मुद्दों पर चर्चा के लिए जाएगा। अमेरिका ने युद्धविराम बनाए रखने और क्षेत्र में स्थिरता कायम रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर मंगलवार को ईरान के साथ बातचीत के लिए कतर की राजधानी दोहा जाएंगे। व्हाइट हाउस ने सोमवार को ये जानकारी दी। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर दोनों पक्षों के बीच हुए सैन्य तनाव के बाद यह कूटनीतिक पहल की जा रही है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में इस घटनाक्रम की पुष्टि





करते हुए कहा कि यह बैठक ईरान के अनुरोध पर हो रही है। उन्होंने कहा, मैंने अभी राष्ट्रपति से बात की है। ईरान ने बैठक का अनुरोध किया है। जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर चर्चा के लिए दोहा जाएंगे। उच्चस्तरीय वार्ता के साथ-साथ तकनीकी स्तर की बातचीत भी होगी। लेविट ने कहा कि अमेरिका युद्धविराम व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन किसी भी तरह के तनाव बढ़ाने पर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम युद्धविराम को लेकर अपनी प्रतिबद्धता निभा रहे हैं। हिंसा का जवाब हिंसा से दिया जाएगा। जहाजों पर हमले हुए थे, जिनका राष्ट्रपति ने जवाब दिया था और जरूरत पड़ने पर आगे भी ऐसा होगा। हमें उम्मीद है कि ऐसी स्थिति दोबारा नहीं आएगी।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि शांति प्रक्रिया आगे बढ़े और पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के लिए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद जारी तकनीकी बातचीत के बीच ईरान को अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता करना चाहिए।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ बने सेना प्रमुख, संभाला पदभार

नई दिल्ली

एजेंसी

भारतीय सेना में चार दशक से अधिक समय तक सेना की सेवा करने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय थल सेना प्रमुख का पद छोड़ दिया। अब लेफ्टीनेंट जनरल धीरज सेठ ने नए सेना प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी संभाल ली। विदाई के मौके पर जनरल द्विवेदी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में सेवा करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। उन्होंने सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और देशवासियों का आभार जताया।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कार्यभार छोड़ने से पहले नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आयोजित विदाई समारोह में उन्होंने अपने चार दशक लंबे सैन्य सफर को याद किया। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल से शुरू हुआ उनका सफर अविस्मरणीय रहा और भारतीय सेना की ताकत किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि सैनिकों, कमांडरों, पूर्व सैनिकों और देशवासियों के विश्वास से आती है। विदाई समारोह में जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर उच्च स्तर की तैयारी, संतुलन और सतर्कता बनाए रखी। उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के तहत सेना ने पूरी मजबूती और सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। वहीं पश्चिमी सीमा पर भी सेना ने संयम और दृढ़ता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की क्षमता और प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

रिटायर हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी



# छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से किया हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के हीरानगर क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हीरानगर जेल रोड निवासी श्रीमती बसन्ती कार्की ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पुत्र दीपू ने उनके बड़े बेटे प्रेम पर चाकू से कई बार वार कर दिए। हमले में प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए सुशीला



तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़िता ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों और दोनों भाइयों के बीच हुए विवाद की पड़ताल कर रही है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद को घटना की वजह माना जा रहा है।

# परिवर्तन संकल्प सम्मेलन से कांग्रेस का चुनावी शंखनाद, सत्ता परिवर्तन का लिया संकल्प

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत कांग्रेस ने राजपुरा में आयोजित परिवर्तन संकल्प सम्मेलन के माध्यम से अपने चुनावी अभियान का आगाज़ करते हुए प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का संकल्प लिया। सम्मेलन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उत्तराखंड की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों पर अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं व आम जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं परिवर्तन संकल्प सम्मेलन के जिला प्रभारी करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड आज बेरोजगारी,



भ्रष्टाचार, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पेपर लीक, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, बिगड़ती कानून-व्यवस्था तथा खनन और भूमि माफिया की सक्रियता के कारण जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। सरकारी अस्पताल डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं करन माहरा ने राज्य और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था, गौ संरक्षण, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है।

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने हल्द्वानी की जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के मुद्दों को सड़क से सदन तक पूरी मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने राजपुरा क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रशासन द्वारा लगाए गए लाल निशानों और कार्रवाई को नहीं भूले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण और प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया तथा छोटी-छोटी मरम्मत तक पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस और प्रशासन का संचालन स्थानीय स्तर के बजाय देहरादून से हो रहा है, जिससे जनप्रतिनिधियों की भी अनदेखी हो रही है। उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशे पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया।

# नैनीताल में झमाझम बारिश से जन जीवन प्रभावित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में बीती रात बरसी बरसात ने लोगों की नींद खोल दी। आंधी और तेज हवाओं के साथ 90 मिमी वर्षा हुई है। नाले उफनाए तो कचरे के ढेर झील में समा गए।

मानसून का इंतजार अभी भी बना हुआ है लेकिन प्री मानसून शॉवर पूरी तरह से मेहरबान हैं। मगर बीती रात वर्षा का तांडव देखने को मिला। रात करीब 12 बजे शुरू हुई बारिश ने सुबह करीब चार बजे तक थमने का नाम नहीं लिया। इस बीच आंधी तूफान भी पूरे वेग में रहा। बारिश की बरसती मोटी बूंदों ने लोगों की नींद खोल दी। नाले उफान पर आ गए और कचरे ढेर झील में समा गएए जो झील किनारे सुबह तैरता नजर आया। कचरे में प्लास्टिक की बोतलें और थैलियां बड़ी मात्रा में तैरती दिखाई दी। जबरदस्त बारिश के चलते झील का जलस्तर बढ़कर 79.1 फीट पहुंच गया है। सोमवार को भी घने बादल छाए हुए हैं और बारिश की संभावना बनी हुई है।



## नैनीताल में उतरने लगा ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन

**नैनीताल।** गत दिवस तक कुलांचे मार रहे ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन अब ढलान पर उतरने लगा है। जिसके चलते नगर में सोमवार को काफी हद सुकून महसूस हुआ। अब मानसून पहुंचेगा तो सैलानियों की आमद और कम हो जाएगी। गत वर्ष ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन कई कारणों से प्रभावित रहा लेकिन इस बार आई सैलानियों की बाढ़ ने पिछले साल की कसर पूरी करदी है। करीब तीन महीने तक यह सीजन चला और मई 15 से जून तक सैलानियों की बंपर भीड़ उमड़ी ।पर्यटन कारोबारियों ने जमकर मुनाफा कमाया जबकि ऐसे भी होटल रहेए जिन्होंने भीड़ बढने में दोगुना से तीन गुना अधिक किराया वसूला। टैकसी चालकों ने भी सैलानियों की जेब काटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बहरहाल इन सब गतिविधियों के बीच सोमवार को अफरा तफरी नजर नहीं आई और कई होटलों ने रेट भी गिरा दिए ।



## कुविवि के गोपनीय अनुभाग के कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के गोपनीय अनुभाग में कार्यरत दो कर्मचारियों के स्थानांतरण तथा कोलेशन बिलों के भुगतान के संबन्ध में सोमवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के नेतृत्व में गोपनीय अनुभाग के कर्मचारियों द्वारा विभागीय कार्य बहिष्कार किया गया।

इस दौरान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ0. मोहित सनवाल के नेतृत्व में कर्मचारियों के शिष्टमंडल द्वारा कुलसचिव तथा कुलपति से वार्ता की गयी। लंबी वार्ता के उपरान्त 27 जून 2026 के स्थानांतरण आदेश को स्थगित किया गया तथा परितुलन देयकों के भुगतान के विषय में प्रो0. रजनीश पांडेय के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया जिसमें प्रो0. महेंद्र सिंह राणा, डॉ0 नंदन सिंह बिष्ट, डॉ0 मोहित सनवाल तथा डॉ0 एल0. एस.0 रौतेला को शामिल किया गया। इस संबन्ध में पत्र प्राप्त होने के फलस्वरूप संघ द्वारा आंदोलन स्थगित किया गया तथा सौहार्दपूर्ण प्रयासों के लिए कुलपति का आभार व्यक्त किया गया। वार्ता में अध्यक्ष डॉ0. मोहित सनवाल, सचिव जगदीश चंद्र, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सगटा, उपाध्यक्ष शैलजा वर्मा, उपसचिव रंजीत कीर्ति, कोषाध्यक्ष संजीत राम, अभिराम पंत, डॉ मधुसूदन रतूड़ी, डॉ. सुनील नौटियाल, डॉ0. मनीषा श्रीवास्तव, अनिल ढैला, रोहित राजोरिया तथा जितेंद्र जोशी आदि शामिल थे।

## देवीधुरा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दी जानकारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधान सभा के तहत भीमताल के ग्राम सभा देवीधुरा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की एवं डबल इंजन सरकार की महिलाओं के लिए चलाई गयी स्वरोजगार योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस दौरान डा.आर्य ने कहा कि सरकार की ओर से स्वयं सहायता समूह को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार के क्षेत्र में काफी हद तक आगे बढ़ रही हैं। कहा कि समूह चलाने के लिए बैंक की ओर से ऋण देने समेत कई अन्य योजनाएं सरकार चला रही है। महिलाओं की ओर से उत्पादित सामग्री को बाजार दिलाने के लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। इस दौरान डा.आर्य ने सरकार की ओर से चलायी जा रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रेमलता बर्गली,नीतू राजपूत,गीता देवी,कौशल्या देवी,निर्मला देवी, मुन्नी देवी, मंजू आर्य, सरस्वती देवी, हेमा ध्यानी, कविता राजपूत, प्रेमा, चंपा धामी, सुनीता देवी, दीपा बर्गली, भगवती जलाल, मनीषा देवी तथा कमला भाकुनी आदि मौजूद रही।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## प्रो. महालनोबिस का देश की आर्थिक योजना व सांख्यिकीय के विकास पर विशेष योगदान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 29 जून को प्रो0. पी. सी.0 महालनोबिस की जयन्ती 2007 के पश्चात राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बता दें प्रो. महालनोबिस का देश की आर्थिक योजना व सांख्यिकीय के विकास पर विशेष योगदान रहा है। भारत सरकार के सांख्यिकीय मन्त्रालय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा प्रति वर्ष राष्ट्रीय सॉखियकी दिवस आयोजित किया जाता है एवं प्रतिवर्ष एक राष्ट्रीय महत्व का विषय चयनित किया जाता है। विकसित राष्ट्र की ओर बढते कदम को देखते हुए इस वर्ष भी सोमवार को सॉखियकीय दिवस मनाया गया जिसका विषय अनलॉकिंग दी पोटिंटल एडमिसटेटिव डॉटा नामक थीम पर आधारित था। जिले के विकास भवन भीमताल में जिला अर्थ एवं संखयाधिकारी कार्यालय में सॉखियकी दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सर्वप्रथम कमल सिंह मेहरा अपर सॉख्यिकीय अधिकारी द्वारा प्रो0 महालनोबिस द्वारा सॉखियकी में किये योगदानों का उल्लेख किया तथा सॉख्यिकीय डाटा की उपयोगिता निर्णयन के क्षेत्र मे किस प्रकार उपयोगी है इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। परियोजना अर्थशास्त्री महेन्द्र सिंह जीना द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण डाटा संकलन हेतु सुझाव दिया गया कि संबन्धित विभागों द्वारा वाँछित सूचना ऑनलाईन सॉफटवेयर में मुहैया करायी जानी चाहिये जिससे विभागों से ससमय सूचना प्राप्त हो सके। सुरेश लाल अपर सांख्यिकीय अधिकारी द्वारा ऑकड़ों की महत्ता एवं गुणवत्ता के संदर्भ में जानकारी दी गयी। भूवन चन्द्र, भरतमणि कनौजिया, अपर सांखियकीय अधिकारी पंकज रावत, संजय त्रिपाठी सहायक सॉख्यिकीय अधिकारी, दिनेश सिंह पागती ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।

## शिव महापुराण कथा का विशाल भंडारे के साथ समापन

नैनीताल । क्षेत्र के अनर्पा स्थित शकतश्वर धाम में भैरव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन हुआ जिसमें अनर्पा, सकदीना, चौसाली, जोलपोखरा, पोखरी, पंगराड़ी व पट्टुयडी समेत दर्जनों गाँव के लोगों ने शिव महापुराण कथा का श्रवण किया।

कथावाचक एवं आयोजक तपस्वी पंडित कमल शास्त्री ने पूर्व विधि विधान के साथ कथा का आयोजन किया। कमल शास्त्री ने बताया कि शकते शकतेश्वर महादेव में भैरव मंदिर के बाद शिवालय का भी जीर्णोद्धार करवाया जाएगा और भव्य मंदिर बनाया जाएगा जिसमें हजारों शिव भक्तों ने सहयोग कर कथा को भव्य बनाया। जिसमें पूजा के पश्चात हवन कर कन्या पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान पारस मिश्रा, अध्यक्ष प्रीतम सिंह असगोला, कोषाध्यक्ष मोहित सिंह रावत, पंकज मेलकानी, कांग्रेसी नेता हरीश पनेरू, कंचू असगोला तथा करन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### ब्रेसाइड स्थित प्राईमरी स्कूल की हालत दयनीय



**नैनीताल ।** नैनीताल नगर के ब्रेसाइड स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल की दयनीय स्थिति को क्षेत्र के नगर पालिका के वार्ड के सभासद जीतेंद्र कुमार पांडे ने बेहद गंभीरता से लिया है। मामले को लेकर उन्होंने सोमवार को भीमताल विकासखंड के खंड शिक्षाधिकारी को मामले में ज्ञापन सौंपकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। सभासद पांडे के मुताबिक स्कूल में चारों ओर से बाउण्ड्री खुली होने के कारण नशेडि?ों द्वारा स्कूल परिसर को नशा करने का अड्डा बना दिया गया है जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को जानमाल का खतरा बना हुआ है तथा भविष्य में कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। जनसुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय मे एक चौकीदार की तैनाती किया जाना उचित प्रतीत होता है। पांडे ने कहा कि विद्यालय की छत से वर्षात के दिनों में अत्यधिक पानी अंदर आता है तथा दीवारों की स्थिति यह है कि कभी भी गिर सकती हैं। कहा कि स्कूल के भवन के पुर्ननिर्माण में 15 से 20 लाख खर्च होने की उममीद है। उन्होंने खंडशिक्षाधिकारी से गुजारिश की है कि वह मामले में त्वरित कार्रवाई कर विद्यालय प्रबन्धन समिति ? सभासद स्नोव्यू वार्ड को अवगत कराएं। सभासद पांडे ने चेतावनी भी दी है कि जल्द ही मामले का समाधान नहीं हुआ तो उनके नेतृत्व में बच्चों के अभिभावक खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

### ट्रिपलिंग कर बिना हेलमेट नैनीताल पहुंचे युवक, बाइक सीज

**नैनीता।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर ट्रिपलिंग और बिना हेलमेट लालकुआं से नैनीताल पहुंचे युवकों पर पुलिस ने सखत कार्रवाई की। कोतवाल ने कार्रवाई करते हुए बाइक सीज कर दी है। बता दें तल्लीताल कोतवाल के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक पर तीन युवक बिना हेलमेट सवार मिले। पुलिस ने तत्काल बाइक को रोककर दस्तावेज व डीएल मांगें लेकिन चालक डीएल नहीं दिखा पाया। यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन पर पुलिस ने बाइक कबजे में ले ली। मामले में कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि ट्रिपलिंग और बिना हेलमेट वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण भी है। बताया कि बाइक चालक दीपांशु के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक सीज कर दिया है।

### नैनी झील में डूबते युवक की बचाई जान

**नैनीताल ।** नैनी झील में डूब रहे एक नेपाली युवक की स्थानीय युवक आयुष भंडारी ने अपनी जान की परवाह किए बिना झील में छलांग लगाकर जान बचा ली। घटना के दौरान वहां मौजूद कई लोग वीडियो बनाने में व्यस्त रहे जबकि आयुष ने साहस का परिचय देते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नेपाल निवासी लोकेश शराब के नशे में हंगामा करने के बाद अचानक नैनी झील में कूद गया। उसे डूबता देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई लेकिन अधिकांश लोग वीडियो बनाने लगे। इसी दौरान आयुष भंडारी ने बिना देर किए झील में छलांग लगाई और कड़ी मशक्कत के बाद लोकेश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने संरक्षण में लिया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि लोकेश नेपाल का निवासी है। उसकी काउंसिलिंग कर उसे उसके परिचितों के सुपुर्द कर दिया गया है। आयुष भंडारी की इस बहादुरी की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि उनकी सूझबूझ और साहस के कारण एक युवक की जान बच सकी।

### गेठिया में गुलदार ने 14 बकरियों को बनाया निवाला

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र गेठिया सेनेटोरियम में बीती रात्रि गुलदार ने बकरी बाड़े में घुसकर 14 बकरियों को मार डाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार गेठिया निवासी प्रकाश चंद्र बकरी पालन कर अपने घर परिवार का भरण पोषण करता है। बीती रात्रि गुलदार ने बकरीबाड़े में घुस कर 14 बकरियों को मार डाला। घटना का पता सोमवार की सवेरे तब पता चला जब बकरियों को चारा डालने के लिए गया तो वहां की स्थिति देख अचंभित हो गया। बकरीवाड़े में सभी 14 बकरे बकरियों को गुलदार ने मार डाला था। 12 मृत बकरियां बाड़े के भीतर थी जबकि 2 मृत बकरियां का पता नहीं चल पाया । नैनीताल वन प्रभाग के रेंज अधिकारी नितिन पंत ने बताया कि सूचना पर वन दरोगा राजेंद्र करायात और बीट अधिकारी हीरा गिरी द्वारा मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई जिसकी रिपोर्ट मंगलवार (आज) मिलने के बाद मुआवजे के लिए कार्यवाही की जाएगी।

### गांधी प्रतिमा पर चढ़कर खिंचवाई जा रहीं सेल्फियां, प्रशासन सखत

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल गांधी चौक क्षेत्र में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर चढ़कर पर्यटकों द्वारा राष्ट्रपिता की गरिमा के प्रतिकूल सेल्फी और फोटो खिंचवाए जा रहे हैं। ऐसे कुछ फोटो व वीडियो सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने कहा है कि सार्वजनिक स्थलों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिममेदारी है। साथ ही पर्यटकों से भी अपील की गई है कि वे प्रतिमाओं पर चढ़कर फोटो खिंचवाने जैसी गतिविधियों से बचें और सार्वजनिक संपतियों का सम्मान करें।

### पर्यावरण प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 714वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 714वें दिन पिथौरागढ़ में रामलीला मैदान परिसर में उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा आहूत महारैली में रैली से पूर्व उत्तराखंड क्रांति दल के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती एवं दल के शीर्ष नेता काशी सिंह ऐरी के नेतृत्व में किया गया। सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुडना सौभाग्य की बात है। काशी सिंह ऐरी ने कहा कि दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाया जा रहा पौधारोपण अभियान सराहनीय है वहीं चंद्रशेखर कापड़ी ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल इस प्रकार के अभियानों का आयोजन भी करेगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं महामंत्री नीरज जोशी, दीप चंद्र जोशी, गोविंद सिंह रावत, विक्रम सिंह पाल, जगत मुनोला, भरत सिंह ऐरी तथा मोहन चंद्र भट्ट उपस्थित रहे। गुरुरानी ने कहा कि सोमवार की महारैली सफल रही।

# अभिमत

## मानवाधिकार की धज्जियां

*सैन्य तानाशाहों ने मानवाधिकार की धज्जियां उड़ाईं। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बर्बरता को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हो रही है। ब्रिटेन की संसद में सांसद इमरान हुसैन ने पीओके में संचार पाबंदी और मानवाधिकारों के हनन का प्रस्ताव पेश किया। ब्रिटिश संसद में प्रस्ताव का समर्थन किया गया। उधर अफगानिस्तान में नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने पर पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में निंदा की गई। पीओके में संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी पर प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन के दौरान दर्जनों लोग मारे गये।*

पाकिस्तान में ज्यादातर सैन्य तानाशाहों का शासन रहा है। निर्वाचन के माध्यम से बनी सरकारों ने भी जनहित की उपेक्षा की है। सैन्य तानाशाहों ने मानवाधिकार की धज्जियां उड़ाईं। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बर्बरता को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हो रही है। ब्रिटेन की संसद में सांसद इमरान हुसैन ने पीओके में संचार पाबंदी और मानवाधिकारों के हनन का प्रस्ताव पेश किया। ब्रिटिश संसद में प्रस्ताव का समर्थन किया गया। उधर अफगानिस्तान में नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने पर पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में निंदा की गई। पीओके में संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी पर प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन के दौरान दर्जनों लोग मारे गये। कमेटी के नेताओं का अपहरण और हत्या को लेकर हिंसा भड़की। हालात को देखते हुए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। प्रदर्शनकारियों को देखते ही सेना ने गोली मारी। मृतकों की संख्या सौ से अधिक बताई जा रही है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के लोग वहां की सरकार से असंतुष्ट हैं। पीओके के साथ ही बलूचिस्तान में भी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ आक्रोश है। मानवाधिकारों को कुचलने के कारण वर्ष 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने बगावत की थी और दुनिया के नक्शे पर पृथक राष्ट्र बांग्लादेश बना था। कटु सत्य यह है कि पीओके भारत के अभिन्न अंग कश्मीर का ही हिस्सा है। पीओके और बलूचिस्तान की जनता भारत में मिलना चाह रही है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कह चुके हैं कि पाकिस्तान ने आतंकवाद बंद नहीं किया तो भारत नई सीमा रेखा खींच देगा। भारत की नीति विस्तारवादी और किसी पर हमला करने की नहीं है। पाकिस्तान अपनी जनता पर जुल्म ढहा रहा है। आतंकवाद को बढ़ावा देता है और जनता के हित की अनदेखी करता है। जनता आर्थिक बदहाली से गुजर रही है। पड़ोसी देश अफगानिस्तान के साथ भी पाकिस्तान के संबंध अच्छे नहीं हैं। अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के सैन्य हमलों से अनेक लोग हताहत हो रहे हैं। अफगानिस्तान की सम्प्रभुता का सम्मान किये जाने की जरूरत है। वर्षों तक हिंसा में झुलसने के बाद अफगानिस्तान में राजनीतिक बदलाव आ रहा है। अफगानिस्तान के साथ भारत के व्यापार और द्विपक्षीय संबंध रहे हैं। पाकिस्तान व्यापारिक गतिविधियों में बाधक बन रहा है, जबकि अफगानिस्तान की सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के पक्ष में है।

# मोदी-धामी के विकास की गंगा हर कोने तक पहुंचेगी: शर्मा

## 1.59 करोड़ की लागत से नेताजी सुभाष रजत जयंती पार्क का किया शिलान्यास

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

नगर निगम रुद्रपुर की ओर से ट्रांजिट कैंप, वार्ड -3 में 1 करोड़ 59 लाख 24 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नेताजी सुभाष रजत जयंती पार्क का महापौर विकास शर्मा ने विधिवत शिलान्यास किया।

इस मौके पर महापौर ने कहा कि उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रत्येक शहर को एक-एक रजत जयंती पार्क की सौगात दी गई है। रुद्रपुर के लिए यह पार्क ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैंप हमेशा भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा रहा है और कठिन परिस्थितियों में भी क्षेत्रवासियों ने संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने बस्तियों को भी शहर की मुख्यधारा के विकास से जोड़ने का संकल्प लिया था, जिस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। ट्रांजिट कैंप में बनने वाला रजत जयंती पार्क उसी संकल्प का परिणाम है।महापौर ने बताया कि यहां भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक बाउंड्रीवाल, बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम,वॉकिंग ट्रैक, हरित क्षेत्र एवं बैठने की समुचित व्यवस्था विकसित की



जाएगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के अन्य प्रमुख पार्कों के कायाकल्प पर भी कार्य कर रहा है। गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 5.50 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत हो चुकी है, जबकि सिडकुल क्षेत्र के निकट लगभग 2.50 करोड़ रुपये की लागत से उत्तरायणी पार्क का निर्माण भी स्वीकृत हो गया है।उन्होंने कहा कि नगर निगम ने केवल घोषणाएं नहीं कीं बल्कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारा है। अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। महापौर ने कहा कि शहर के प्रवेश द्वार पर भव्य त्रिशूल इसकी शुरुआत है। आगामी 4 जुलाई को डमरू चौक का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा 51 फीट ऊंची भगवान महादेव की प्रतिमा स्थापित करने तथा गंगापुर रोड स्थित तीन प्रमुख मंदिरों को जोड़कर भव्य धार्मिक कॉरिडोर विकसित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है, जिसे सीएम धामी की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। महापौर ने कहा कि नगर निगम अपना पेट्रोल पंप स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान के कायाकल्प की योजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पार्षद शुभम दास, मानवेन्द्र सिंह, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत बिष्ट, तुलसी साह,अशोक विश्वास, कार्तिक चक्रवर्ती, देवशीष मंडल, सौरभ समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुखानी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी मजदूरों को कच्ची शराब बेचने की फिराक में था। उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त के दौरान फतेहपुर तिराहे पर एक मुखबिर ने सूचना दी कि सैफी फार्म जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति कट्टा लेकर खड़ा है और उसमें रखी कच्ची शराब आम तोड़ने वाले मजदूरों को बेच रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम सैफी फार्म मार्ग पर पहुंची, जहां संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम रामपाल पुत्र बनारसी निवासी गुजरोड़ा, फतेहपुर, बताया। उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें कच्ची शराब से भरे पाउच बरामद हुए। पुलिस ने कट्टे से 57 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवकों में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस जुटी जांच में

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित युवकों के बीच हुए महासंग्राम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवकों के हाथों में बेल्ट,डंडे और धारदार हथियार लिए नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने वायरल वीडियो में दिख रहे युवकों को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक किच्छा रोड श्मशान घाट के सामने ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित 25-30 युवकों में कुछ नशा तो कुछ जुआ खेल रहे थे। इस बीच किसी बात को लेकर युवकों के बीच आपस में कहासुनी हो गई। इसके बाद वह गाली गलौज करते हुए आमने सामने आ गए। सूत्रों के मुताबिक देखते ही देखते युवकों के बीच जमकर महासंग्राम हो गया। एक दूसरे पर बेल्ट,डंडे से हमला करते दिख रहे हैं। उनमें से कुछ युवकों ने बीच बचाव का भी प्रयास किया लेकिन वह नहीं



**जांच**
- वायरल वीडियो दो दिन पुरानी बताई जा रही

माने। बताया जा रहा है कि इस दौरान किसी ने पूरी घटना की वीडियो बना ली और उसे इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर दिया। वायरल वीडियो में युवकों के हाथों में धारदार हथियार भी दिख रहे हैं। चौकी प्रभारी रम्पुरा पंकज कुमार से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो प्रसारित वीडियो जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## वृद्ध कमरे में मृत मिला शव पोस्टमार्टम को भेजा

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप में किराए के मकान में रह रहे छोटा हाथी वाहन चालक वृद्ध के मृत मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने मृतक की भतीजे को सूचना दी है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली किच्छा के गड़िया बाग गोकुल नगर निवासी 68 राम प्यारे छोटा हाथी वाहन चलाते थे। वह कुछ समय से ट्रांजिट कैंप फुलसुंगा में रहने वाले ज्ञान चंद्र के मकान में अकेले किराए में रह रहे थे। कुछ समय से वह बीमार चल रहा था। सोमवार रात गोकुल खाना खाकर सो गया। मंगलवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठे तो मकान स्वामी उनके कमरे में गए। जहां वह मृत अवस्था में पड़े हुए थे। यह देख उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसएसआई ट्रांजिट कैंप महेश कांडपाल, एसआई जितेंद्र खत्री पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस वृद्ध को अस्पताल लेकर पहुंची। चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।

# फिल्मी दुनिया

## अंदाजा नहीं था कि यह रोल लोगों के दिलों में बैठ जाएगा





*फिल्म इक्का के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सनी देओल ने अपनी साल 1993 की फिल्म दामिनी पर बात की। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने इस फिल्म में काम किया तो अंदाजा नहीं था कि उनका किरदार इतना पसंद किया जाएगा। अभिनेता सनी देओल फिल्म इक्का में नजर आएंगे। इसके जरिए वे ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में वह वकील का किरदार निभा रहे हैं। कोर्टरूम ड्रामा फिल्म में उनका अंदाज देख दर्शकों को फिल्म दामिनी की याद आ जाएगी। इस फिल्म में भी सनी देओल ने वकील की भूमिका निभाई थी। हाल ही में इक्का के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सनी देओल ने दामिनी पर भी बात की। सनी देओल ने फिल्म इक्का के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में दामिनी में अपने छोटे से रोल पर बात की। अभिनेता ने कहा, मैंने जो दामिनी फिल्म की थी, तब मैं चाहता था कि मैं इस फिल्म में रहूं। हालांकि, तब मेरा कोई रोल नहीं था। राजकुमार संतोषी ने फिल्म का निर्देशन किया। मेरे दोस्त फिल्म प्रोड्यूस कर रहे थे। एक छोटा सा कैरेक्टर था। मेरे से पूछा गया कि तुम करोगे? मैंने कहा, बिल्कुल। सनी देओल ने आगे कहा, मैं इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहता था। मगर, कभी इसका अंदाजा नहीं था कि फिल्म में यह किरदार लोगों के दिलों में इस तरह बैठ जाएगा।*

### दिवंगत पिता को याद कर भावुक हुए सनी

*इक्का के ट्रेलर लॉन्च इवेंट से सनी देओल का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को याद कर भावुक हो रहा हैं। दरअसल, इवेंट में सनी देओल से धर्मेंद्र के बारे में पूछा गया कि आपको कितना गर्व महसूस होता है उनके नाम से? इस पर सनी देओल ने कहा, मैं हमेशा अपने पापा का बेटा रहूंगा। बस इससे आगे कुछ नहीं। यह कहते हुए उनकी आंखें भर आईं।*

## निश्चल जोशी बने भाजपा नैनीताल जिला आईटी संयोजक

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी नैनीताल के जिला आईटी संयोजक पद पर निश्चल जोशी की नियुक्ति पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।

प्रदेश आईटी विभाग प्रमुख प्रवीण लेखवार, सांसद अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली सहित भाजपा नैनीताल की समस्त टीम ने निश्चल जोशी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

सभी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि निश्चल जोशी संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए आईटी के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त, प्रभावी एवं जन-जन तक पहुंचाने



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नव नियुक्त जिला आई टी संयोजक जोशी ने जिम्मेदारी मिलने पर संगठन का आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसका ईमानदारी से निर्वहन करते हुये संगठन कार्य को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा सीसीडीएल जीईएचयू के सहयोग से शोध उत्कृष्टता का निर्माण शोध प्रस्ताव से प्रकाशन एवं केस अध्ययन विकास तक विषय पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफ डीपी) का शुभारंभ किया गया।

बता दें कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले शोध, परियोजना प्रस्ताव लेखन, शोध प्रकाशन तथा केस अध्ययन विकास की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराना था। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भीमताल परिसर के



निदेशक ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उपस्थित विशेषज्ञ वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संकाय विकास कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञानए कौशल और शोध क्षमता को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने परिणाम.आधारित शिक्षण पर बल देते हुए प्रतिभागियों से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लागू करने और अपने व्यावसायिक विकास में उपयोग करने का आह्वान किया। प्रथम तकनीकी सत्र में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) जयपुर की प्रोफेसर मंजू सिंह ने परियोजना एवं शोध प्रस्ताव लेखन विषय पर व्याखयान दिया। उन्होंने शोध परियोजनाओं के लिए मुहैया वित्तीय सहायता, प्रभावी शोध प्रस्ताव तैयार करने की रणनीतियां, शोध सार लेखन, समस्या विवरण, साहित्य समीक्षा, शोध उद्देश्य, कार्यप्रणाली, परियोजना समय सीमा, डेटा प्रबंधन, नैतिक अनुमोदन, संस्थागत संसाधन, बजट निर्माण तथा परियोजना मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एक प्रभावशाली शोध सार केवल समीक्षक का ध्यान आकर्षित करने में सक्षम होना चाहिए। द्वितीय तकनीकी सत्र में चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (नियाम) जयपुर की निदेशक डॉ. हेमा यादव ने कृषि एवं सहकारिता में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित जन.केंद्रित पहलें सरकारी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से उभरते शोध क्षेत्रों तक विषय पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने उत्तराखंड के एक प्रेरक उदाहरण के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक स्मार्टफोन ने राजमा की कीमतों तक किसानों की पहुंच को बदल दिया और डिजिटल तकनीक ने ग्रामीण आजीविका को नई दिशा दी। उन्होंने डिजिटल कृषि, सहकार से समृद्धि, साइबर सुरक्षा एवं डेटा गोपनीयता एवं ट्रेसबिलिटी तथा कृषि स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा देने में नवाचार एवं उद्यमिता महासंघ की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्र आयोजित किया गयाए जिसमें प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम का सफ ल संचालन डॉ. निधि भट्ट पंत ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान को अपने शोध एवं शिक्षण कार्य में लागू करने का संकल्प व्यक्त किया तथा आगामी सत्रों के प्रति उत्साह जताया।

## News कॉर्नर

### सिंचाई नहर में मिला अज्ञात शव, पहचान में जुटी पुलिस

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के कॉलटैक्स स्थित सिंचाई नहर में सोमवार देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। नहर में बहते शव पर राहगीरों की नजर पड़ते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही काठगोदाम थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस अब आसपास के थाना और चौकी क्षेत्रों से संपर्क कर रही है। साथ ही हाल के दिनों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान भी किया जा रहा है, ताकि मृतक की पहचान जल्द से जल्द हो सके। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

# हल्द्वानी में बारिश से राहत, लेकिन बदहाल सड़कों ने बढ़ाई परेशानी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बीते दिन हुई बारिश ने हल्द्वानी समेत आसपास के क्षेत्रों में लोगों को गर्मी से काफी राहत दिलाई। तापमान में गिरावट दर्ज होने से मौसम सुहावना हो गया। मंगलवार सुबह से आसमान में बादलों का डेरा बना रहा और रिमझिम फुहारों ने मौसम को और भी खुशनुमा कर दिया।

हालांकि मौसम की इस राहत के बीच शहर की बदहाल सड़कें लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं। मानसून की दस्तक से पहले ही हल्द्वानी की अधिकांश सड़कें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। सीवर लाइन, पेयजल पाइपलाइन और बिजली की भूमिगत केबल बिछाने के नाम पर शहर की कई प्रमुख सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। कई स्थानों पर महीनों से गड्ढे खुले पड़े हैं और मरम्मत कार्य अधूरा है। शहर की प्रमुख सड़कों में रामपुर रोड की स्थिति सबसे अधिक खराब बताई जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहन चालकों



को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मलबा फैला होने के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि लगातार लगने वाले जाम ने आमजन की परेशानी और बढ़ा दी है।

वहीं, रामपुर रोड स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे नहर किनारे की सड़क पर पेयजल लाइन डालने के बाद से सड़क महीनों से अधूरी पड़ी है। अब बारिश के कारण गड्ढों में पानी भरने लगा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए आवाजाही जोखिम भरी हो गई है।

बरेली रोड पर भी भारी मशीनों से चल रहे निर्माण कार्य ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि सड़कें कब तक दुरुस्त हो पाएंगी। शहर की गलियों का हाल इससे भी बदतर है। बरसात के मौसम में जलभराव और फिसलन के चलते लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मानसून के दौरान किसी बड़े हादसे से बचने के लिए अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कर सड़कें दुरुस्त कराई जाएं।

# धारी के अघरिया में गरीब ओम प्रकाश के मामले पर कांग्रेसी नेता शर्मा हुए गंभीर

**धारी**

हमारे संवाददाता

धारी बलॉक के अघरिया में सड़क किनारे फल व सब्जी बेचने वाले गरीब ओम प्रकाश आर्या के फड़ के सामान को रंजिश के कारण बार बार आग लगाये जाने की घटना को कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने गलत बताया ।

मनोज शर्मा ने कहा कि गरीब आदमी जैसे तैसे अपने परिवार का भरण पोषण इस महंगाई के दौर मे कर रहा हैं, महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी हैं कहा कि वनाधिकार अधिनियम मे प्रावधान हैं कि कोई भी लोकल का ग्रामीण अपने वन पंचायत एरिया या सड़क के आस पास अपने खेत के उत्पाद भेज सकता हैं ए ये उसके हक हकूक के अन्तर्गत आता हैं। मनोज शर्मा ने कहाँ कि विगत कई वर्षो के दौरान यह देखने मे आ रहा हैं कि भाजपा शासन में लगातार दलित समाज को ही टारगेट किया जा रहा हैं। चाहे जगदीश हत्या काण्ड हो , चाहे पिंकी हत्याकांड हो या चाहे गढ़वाल में हो या कुमाऊं में हर जगह भाजपाई शासन मे गरीब आदमी टारगेट किया जा रहा हैं । जो दुखद और निंदनीय हैं और सबसे



बड़ी बात यह हैं कि इन घटनाक्रमों मे भाजपा से जुड़े लोगो की संलिप्तता भी सामने आ रही हैं । परन्तु कार्यवाही के नाम पर केवल लीपापोती होती हैं । अघारिया गाँव के गरीब के फड़ मे आग लगाने से उस गरीब को आर्थिक नुकसान तो हुआ ही हैं उसका मानसिक उत्पीडन् भी हुआ हैं।

भाजपा के नेता आये दिन चमकदार सफ़ेद कपड़े पहन कर वहाँ से गुजर रहे हैं पर किसी का भी बयान मैंने उस गरीब के पक्ष मे नहीं देखा उन्होंने कहाँ कि जब हम डिजिटल क्रांति के इस दौर हैं तब ऐसे ष्मनुवादी विचारष् के लोग देश को बाटने का काम करते हैं । मनोज शर्मा ने सरकार से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर तत्काल रोक लगे, इस गरीब व्यक्ति की रक्षा .सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार ले ए और इस गरीब के आर्थिक व मानसिक उत्पीडन् के बदले सरकार इस व्यक्ति को 10 लाख रूपये का तत्काल मुआवजा दे ,उन्होंने कहा कि पूरे घटना क्रम की निष्पक्ष जंच हो तथा जिम्मेदार के खिलाफ सखत कार्यवाही हो।

# तकनीक व भारतीय संस्कारों के समन्वय से नई पीढ़ी का निर्माण करें

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा उत्तराखंड शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कमल.के.पाण्डेय ने कहा कि आज शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) डिजिटल तकनीक और ऑनलाइन शिक्षा ने ज्ञान तक पहुँच को सरल बनाया है। ऐसे समय में शिक्षक की भूमिका केवल पाठ पढ़ाने तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि विद्यार्थियों को सही दिशा, तार्किक सोच व नैतिक मूल्यों और डिजिटल जिममेदारी का मार्गदर्शन देना भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

पाण्डेय के मुताबिक एआई शिक्षा का सहायक हो सकता है लेकिन शिक्षक का विकल्प नहीं। तकनीक जानकारी दे सकती है किंतु संस्कार, संवेदनशीलता, चरित्र निर्माण और राष्ट्रभाव का संचार केवल शिक्षक ही कर सकता है। कहा कि डिजिटल शिक्षा के विस्तार के साथ साइबर सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर अपराध, फ र्जी सूचनाओं, डेटा सुरक्षा और डिजिटल नैतिकता के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। इसके साथ ही शोध,



नवाचार और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना भी आज के शिक्षक का दायित्व है। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा को अधिक नवाचारी, तकनीक,सक्षम और शोध आधारित बनाने की दिशा दिखाई है। इस परिवर्तन का सबसे महत्वपूर्ण आधार शिक्षक ही हैं। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षक स्वयं भी नई तकनीकों को अपनाते हुए आजीवन सीखने की भावना बनाए रखें।कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल आधुनिक तकनीक से नहीं, बल्कि ऐसे शिक्षकों से होगा जो तकनीक और भारतीय संस्कारों के बीच संतुलन स्थापित कर नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करें यही शिक्षक प्रकोष्ठ का संकल्प भी है।

### केतन हत्याकांड मामला, भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर रोक

**हरिद्वार।** केतन हत्याकांड के मामले में मंगलवार को फिर से टिहरी जा रहे भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को शंकराचार्य चौक के पास पुलिस ने कैरिकेडिंग कर रोक दिया। काफी देर तक कार्यकर्ता आगे बढ़ाने की जिद करते रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें नहीं जाने दिया। वहीं कुछ पदाधिकारी पहले ही वाहनों से आगे निकल गए। पुलिस अधिकारी वहां में उनके पीछे गए हैं।

# नैनीताल में 25वीं नॉर्थ इंडिया वाडोकाई कराटे चैंपियनशिप शुरु

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के गोवर्धन हॉल में आयोजित 25वीं नॉर्थ इंडिया वाडोकाई कराटे चैंपियनशिप का शुभारंभ सोमवार को मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं।



कराटे जैसी विधाएं आत्मरक्षा के साथ साथ मानसिक एवं शारीरिक सशक्तिकरण का भी उत्कृष्ट माध्यम हैं। इस मौके पर मुख्य संरक्षक ललित पंत, कृष्ण गोपाल राय, नितिन पंत, नवनीत कुमार, मुकेश कुमार तथा सुशांत रौतेला, दिवाकर रौतेला व दिनेश आर्यन आदि मौजूद रहे।

# विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सोमवार को नैनीताल जिला सहकारी बैंक मुख्यालय, हल्द्वानी में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सहायक निबंधक, सहकारी समितियाँ (नैनीताल), नैनीताल जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, बैंक के सहकारी विकास प्रकोष्ठ के अधिकारी, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समिति (एमपैक्स) कुँवरपुर के



प्रबंध निदेशक एवं सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री मुकेश बेलवाल ने योजना के उद्देश्य, क्रियान्वयन की प्रक्रिया, विभिन्न संस्थाओं की भूमिका, वित्तपोषण व्यवस्था तथा समयबद्ध कार्यान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक भंडारण अवसंरचना विकसित कर कृषकों को सुरक्षित भंडारण, बेहतर विपणन सुविधा तथा सहकारी संस्थाओं के व्यवसाय को सुदृढ़ बनाना है। बैठक के दौरान एमपैक्स कुँवरपुर द्वारा प्रस्तावित 200 मीट्रिक टन क्षमता के भंडारण गोदाम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सहायक निबंधक, सहकारी समितियाँ ने अवगत कराया कि यह गोदाम समिति की स्वयं की भूमि पर प्रस्तावित है तथा इसकी विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन राज्य की नामित संस्था द्वारा तैयार किया गया है।

कार्यशाला के अंत में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से नैनीताल जनपद में भंडारण अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण होगा, सहकारी समितियों की आय में वृद्धि होगी तथा किसानों को अपनी उपज के सुरक्षित भंडारण एवं बेहतर विपणन की सुविधा प्राप्त होगी।